कल से शुरू होगा टेक-मैनेजमेंट एंड कल्चरल फेस्ट 'स्पंदन-2018'

इंदौर | श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय का तीन दिनी कल्चर फेस्ट 'स्पंदन-2018" 22 फरवरी से शुरू होगा। इस फेस्ट में ज्ञान, कला और संस्कृति के रंग होंगे। इस इवेंट में देशभर से 200 इन्स्टिट्यूट्स के स्टूडेंट्स पार्टिसिपेट करेंगे। इसमें युवाओं के लिए 8 लेवल पर प्रतियोगिताएं की जाएंगी।

इनमें सोलो, डुएट और ग्रुप डांस, गली क्रिकेट, गली फुटबॉल, मार गुलेल, एंग्री बर्ड्स शो, गाइड मी कॉन्टेस्ट होंगी। इसके अलावा 1 मिनिट में 20 पानीपुरी खाने के डायरिया चैलेंज कॉन्टेस्ट शामिल हैं। राजीव शुक्ला ने बताया कि मैनेजमेंट स्टूडेंट्स के लिए एड मेड शो, एड मैनेजमेंट, शॉर्ट मूवीज और बिजनेस क्विज होंगी। पोर्टफोलियो मैनेजमेंट कॉम्पीटिशन भी होगी । टेक्निकल स्टूडेंट्स के लिए रोबो रेस, ब्रिज मेकिंग, लाइन फॉलोवर और ब्रेन पॉप कॉम्पीटिशन होंगी।स्टूडेंट्स खूबसूरत रंगोली बनाकर कैंपस की सुंदरता बढ़ाएंगे और पोस्टर्स-कार्ड्स भी बनाए जाएंगे।

यूथ पार्लियामेंट में ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा होगी तो मुशायरा होगा जिसमें देशभक्ति से ओत-प्रोत रचनाएं भी सुनाई जाएगी। रॉक बैंड कॉम्पीटिशन में शहर के कॉलेजों के स्टूडेंट्स परफॉर्म करेंगे। फैशन शो में स्टूडेंट्स प्रोफेशनल मॉडल्स की तरह रैम्प वॉक करेंगे।